CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 37 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 23 जुलाई 2024

कमला हैरिस को ट्रोल करने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाण्डे निवासी तल्ला गोरखपुर निवासी हरिता पंत पुत्री प्रेम प्रकाश पंत ने पुलिस को दी तहरीर में दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 25 नवंबर 2022 को पंकज तिवारी उर्फ राहुल पुत्र ललित मोहन तिवारी निवासी ग्राम अरतोला, जिला-अल्मोड़ा हॉल निवासी श्री राम कालौनी, फेस-1, त्रिमूर्ति मन्दिर के पास कमलुवानांजा के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सम्राट बैंकट हॉल हल्द्वानी में धूमधाम से हुआ था। विवाह में प्रार्थिनी के माता-पिता द्वारा अपनी सामर्थ्य से बड़कर दहेज आदि दिया था। उसे शादी के बाद से ही प्रताड़ित किया जाने लगा। वह उस पर 20 लाख रूपए नगद लाने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि ससुराली गाली गलौज, मारपीट व अभद्रता पर उतर आए। विवाहिता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### एटीएम क्लोनिंग का आरोपी सोनीपत से गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** एटीएम की क्लोनिंग कर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रानीखेत कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। वह लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। थानाध्यक्ष अशोक कुमार धनकड़ ने बताया कि अशोक कुमार निवासी घड़वाल, थाना बरोदा सोनीपत के खिलाफ रानीखेत थाने में एटीएम क्लोनिंग कर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज था। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने अधिकारियों की टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश करने के निर्देश दिए थे। टीम ने आरोपी को सोनीपत में उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया है।

# टाटा ट्रस्ट उत्तराखंड के युवाओं को देगा कौशल विकास प्रशिक्षण

देहरादून
हमारे संवाददाता



मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने महिलाओं व बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों खासकर सीमांत गांवों से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण आजीविका की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए।

टाटा ट्रस्ट उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों खासकर सीमांत इलाकों से पलायन रोकने के लिए काम करेगा। साथ ही युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने, हेल्थ केयर सेक्टर, ग्रामीण आजीविका समेत कई क्षेत्रों में कार्य करेगा। यह जानकारी मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टाटा ट्रस्ट के साथ सोमवार को हुई एक बैठक के सिलसिले में दी। मुख्य सचिव ने बताया कि टाटा ट्रस्ट राज्य में टेलीमेडिसिन, महिलाओं व बच्चों के कुपोषण से बचाव, बालिकाओं की शिक्षा, आंगनबाड़ी वर्कर्स के क्षमता विकास व प्रशिक्षण, स्मार्ट कलासेज, मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति जैसे क्षेत्रों में भी कार्य करेगा। उत्तराखंड के युवाओं के लिए मुंबई सहित देश के विभिन्न स्थानों में टाटा ग्रुप के स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में कौशल विकास प्रशिक्षण की व्यवस्था का आग्रह किया गया। मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद के हेल्थ एनालिसिस की बात कही गई जिसके तहत प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं, बुनियादी चिकित्सा ढांचे, स्टाफ, प्रशिक्षण आदि की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। बैठक में टाटा ट्रस्ट द्वारा राज्य में हेल्थ रिकॉर्ड की डिजिटलाइजेशन में सहयोग पर सहमति दी गई। मुख्य सचिव ने टाटा ट्रस्ट से राज्य के दूरस्थ स्थानों की आबादी को आधुनिकतम स्वास्थ्य सुविधाएं देने व प्राइमरी व सेकेंडरी हेल्थ केयर सेवाओं की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने महिलाओं व बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों खासकर सीमांत गांवों से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण आजीविका की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए।

### चार करोड़ से ज्यादा युवाओं को मिलेगा फायदा

# केंद्रीय बजट में सरकार ने रोजगार के लिए खोला पिटारा

नई दिल्ली
एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (23 जुलाई) को केंद्रीय बजट 2024 पेश किया। इसी साल अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने वर्षों से लंबित बकाया प्रत्यक्ष कर की मांगों (डिमांड नोटिस) को वापस लेने का फैसला किया था। हालांकि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव वित्त मंत्री ने नहीं किया था। इस बार के बजट में वित्त मंत्री ने करदाताओं को लेकर कौन से बड़े एलान किए।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण केंद्रीय बजट मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकार का 11वां पूर्ण बजट पेश किया। इस बार के केंद्रीय बजट में सरकार के पास वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए कराधान (टैक्सेशन) के प्रावधानों में सुधार करने का मौका था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण के दौरान टैक्सेशन से जुड़ा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया था। हालांकि, उन्होंने करीब एक करोड़ लोगों को टैक्स से जुड़े लाभ होने की बात कही थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण निवेश किए गए हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। यह हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत होगा। निजी क्षेत्र द्वारा बुनियादी ढांचे में निजी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा और इसके लिए वित्तपोषण और सक्षम नीतियां बनाई जाएंगी। पर्यटन के विकास पर केंद्र सरकार का विशेष ध्यान है।

# एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में मिलेगा इंटर्नशिप का मौका

नई दिल्ली
एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी। यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी। इसमें युवाओं को कारोबार के वास्तविक माहौल को जानने और अलग-अलग पेशे की चुनौतियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता भी दिया जाएगा। यही नहीं, उन्हें एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिए जाएंगे। कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का खर्च और इंटर्नशिप की 10 फीसदी लागत को वहन करना होगा। सरकार की नौ प्राथमिकताओं में से एक है रोजगार और कौशल विकास। इसके तहत पहली बार नौकरी करने वालों को बड़ी मदद मिलने जा रही है। फॉर्मल सेक्टर में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा। यह वेतन डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए तीन किस्तों में जारी होगा। इसकी अधिकतम राशि 15 हजार रुपये होगी। ईपीएफओ में पंजीकृत लोगों को यह मदद मिलेगी। योग्यता सीमा एक लाख रुपये प्रति माह होगी। इससे 2.10 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। सरकार रोजगार में प्रवेश करने वाले 30 लाख युवाओं को भी फायदा देने जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए तीन योजनाएं लागू करेगी।

### खेती-किसानी के लिए वित्त मंत्री ने किए बड़े एलान

खेती की उत्पादकता बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे। ज्यादा पैदावार वाली फसल किस्मों का इस्तेमाल होगा। रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। प्राकृतिक खेती पर सरकार का जोर रहेगा। फसलों के उत्पादन, भंडारण और विपणन की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षा और स्किलिंग के लिए 1.48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सब्जी उत्पादन और आपूर्ति शृंखला के लिए कलस्टर बनाए जाएंगे।

# दो कारों की आमने-सामने हुई भिड़त, अधिवक्ता के बेटे की मौत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी के कालाढूंगी-नैनीताल मार्ग पर बीते रोज सोमवार को आमने-सामने हुई दो कारों की भिड़त में उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखिल शाह के बेटे की मौत से शहर में माहौल गमगीन हो गया जबकि कार सवार अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना सोमवार देर शाम करीब 6 बजे की है। तल्लीताल निवासी अवनीश शाह सोमवार शाम अपने वाहन से कालाढूंगी से नैनीताल की ओर जा रहा था. वह मंगोली के समीप पहुंचा ही था कि बैंड में सामने से आ रहे पर्यटक वाहन से उसकी कार की जबरदस्त भिड़त हो गई हादसे में कार चला रहा अवनीश बुरी तरह जख्मी हो गया राहगीरों ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह घायल अवनीश को कार से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने सब का पूरा पंचनामा कर शाहू को मोर्चरी में रख दिया आज मंगलवार को पोस्टमार्टम के पश्चात नम आंखों से अवनीश का अंतिम संस्कार कर दिया। बता दें कि मृतक अवनीश शाह के पिता अखिल शाह उत्तराखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं जबकि माता नैनीताल के मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य हैं।

# बजटः बादल फटने व भूस्खलन से हुए नुकसान को लेकर सरकार करेगी मदद

देहरादून
हमारे संवाददाता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट पेश किया। आइए आपको बताते है कि उत्तराखंड को आम बजट से क्या मिला है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश किया। बजट में किसानों, युवाओं के लिए बड़े एलान किए गए हैं। बजट को लेकर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि आम बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट है। यह पांच साल के लिए हमारी दिशा तय करने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत की आधारशिला रखेगा। ऐसा पहली बार हुआ जब आम बजट पेश करने के दौरान उत्तराखंड का जिक्र हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए बताया कि उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान को लेकर सरकार मदद करेगी।



### धार्मिक पर्यटन बढ़ाने पर सरकार का जोर

पर्यटन के विकास पर केंद्र सरकार का विशेष ध्यान है। बोधगया के महाबोधि मंदिर के लिए कॉरिडोर निर्माण का एलान किया गया है। गया के विष्णुपद मंदिर के लिए कॉरिडोर बनेगा। यह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास पर आधारित होंगे। राजगीर भी बौद्ध और जैन श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। राजगीर के तीर्थ क्षेत्रों का भी विकास होगा। नालंदा को भी पर्यटन केंद्र के रूप में मजबूत करने के लिए वहां विकास जाएगा।

# कुमाऊं आयुक्त ने किया मेन्यू कैंप का उद्घाटन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने 5यूके नवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित 10 दिवसीय मेन्यू कैंप (मोस्ट इंटरप्राइजिंग नवल यूनिट ) का उद्घाटन सोमवार को किया। आयुक्त दीपक ने नैना देवी मंदिर परिसर के निकट नैना झील से एनसीसी कैंप 5यूके नवल यूनिट एनसीसी के बोटिंग कंप्टीशन का फ्लैग ऑफ किया।




कैम्प में 60 कैडेट्स प्रतिभाग करेंगे जिनके द्वारा दस दिनों की अवधि में नैनी झील में 280 किलोमीटर से अधिक सेलिंग की जाएगी। पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में नैनीताल को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ था। यहां आयोजित प्रथम प्रतियोगिता में तलवार, राजपूत और शिवालिक टीम द्वारा हिस्सा लिया गया, जिसमें तलवार टीम ने प्रथम, राजपूत ने द्वितीय और शिवालिक टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिनको कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मेडल पहना कर पुरस्कृत किया।

दीपक रावत ने मेन्यू कैंप द्वारा संचालित बोटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी एनसीसी कैडेट्स को उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा सभी देशहित में बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और कड़ी मेहनत से बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

कमांडिंग ऑफिसर कैप्टेन चन्द्र विजय नेगी ने कहा कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स दस दिनों की अवधि में कैडेट्स 280 किलोमीटर से अधिक की दूरी नौकायन व पाल नौकायन के माध्यम से पूरी करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी की 3 व्हेलर्स नौकाओं तथा 2 एंटरप्राइस नौकाओं के माध्यम से इस लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ साथ शिविर में विण्ड सर्फिंग और कयाकिंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। मेन्यू कैंप के दौरान ही विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे साथ ही ट्रैकिंग, बाधा प्रशिक्षण, रॉक क्लाइंबिंग तथा माउंटेनियरिंग जैसी साहसिक कार्यक्रमों को भी इस मेन्यू कैंप में शामिल किया गया है ।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान कैप्टन चंद्र विजय नेगी, सब ले डॉ.रीतेश साह, तहसीलदार नैनीताल मनीषा मकराना, भारतीय नौसेना के चीफ इंस्ट्रक्टर कोशिश मौर्य, मनजीत, राजेंद्र गुर्जर, रवींद्र गिरी, करमवीर कमलेश, सीनियर कैडेट कैप्टेन शुभम् सिंह, गणेश सिंह नयाल,गोपाल, कमलेश बोरा, दीपक, उमेश पुजारा, उमेश राणा, शेर सिंह, श्रेया बिनवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 20वें दिन भी निगम मुख्यालय देहरादून में आंदोलन जारी

**देहरादून/नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर रविवार को 20वें दिन भी निगम मुख्यालय देहरादून में आंदोलन जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कर्मचारी अपनी एक सूत्री मांग नियमितीकरण को लेकर आंदोलनरत हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन के साथ-साथ निगम के कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण भी कर रहे हैं, साथ ही एक पौधा- एक मांग के तहत राज्य के मंत्री गणों को एक सूत्री मांग नियमितीकरण संबंधी ज्ञापन व पौधा दिया जा रहा है।

यह निरंतर जारी रहेगा। आज धरना कार्यक्रम में सोमवार को रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, संजय भट्ट, जयपाल बिष्ट, श्यामलाल सेंजवाल, सुमेर सिंह, वेद प्रकाश, पदम सिंह, त्रिभुवन, योगेश धामी, महेश कुमार दास, महेश चंद्र तथा महिमन कफ लिया सहित प्रदेश के 13 जनपदों के कर्मचारी मौजूद रहे।




## पालिका प्रशासन ने की जू शटल सेवा की निविदा जारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से जू शटल सेवा की निविदा जारी की गई थी, जिसकी 20 जुलाई को निविदा खोली जानी थी,लेकिन निविदा खोलने पर एक भी टेंडर नहीं पड़ा।

बता दें कि पालिका ने शटल सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार का ही विकल्प रखा है। शटल सेवा में अधिकतम 10 कारो का ही संचालन किया जाएगा। इस कारण टेंडर नहीं पड़ा,हालाँकि पालिका ने टेंडर की समय सीमा एक साल से बढ़ाकर दो साल की है,अब पालिका की ओर से फिर से जू शटल के लिए टेंडर अपलोड कर दिया गया है,अगर दोबारा भी किसी की ओर से टेंडर नहीं डाला गया तो टेंडर में बदलाव किया जाएगा। मामले में पालिका की अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा ने बताया कि जू शटल सेवा का एक बार टेंडर जारी करने के बाद कोई इच्छुक ठेकेदार नहीं मिला जिस कारण दोबारा टेंडर अपलोड किया गया है,बोली कि दोबारा भी टेंडर नहीं पड़ा तो टेंडर में बदलाव किया जाएगा।

## नगर निगम ने 22 गौवंशीय पकड़ गौशाला पहुंचाए

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर निगम प्रशासन ने शहर में घूम रहे आवारा पशुओं के लिए फिर अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत 22 गौवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला पहुंचाया गया।

निगम के उप नगर आयुक्त तुषार सैनी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आवारा पशुओं को पकड़ गौशाला पहुंचाने के लिए अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बीते सोमवार को सुबह के वक्त 10 गौवंश पकड़े तथा शाम को 12 गौवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला में छोड़ा गया। सैनी के अनुसार आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान नियमित तौर पर चलाया जाएगा। गौरतलब है कि शहर में परेशानी का सबब बने गौवंशीय पशुओं के लिए नगर निगम की ओर से शीशमहल व राजपुरा में अस्थायी गौशाला बनाई गई थी। साथ ही लालकुआं विधानसभा के गंगापुर कबडवाल में गौशाला का निर्माण किया गया है। शीशमहल से तो पशुओं को गंगापुर कबडवाल में शिफ्ट किया गया है लेकिन राजपुरा गौशाला में अब भी पशु रखे गये हैं। पिछले कुछ समय से शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं की संख्या कम हुई है। हालांकि गली-मोहल्लों व वार्डों में अब भी गौवंशीय पशु घूम रहे हैं।



## NEWS / फटाफट

### पालम सिटी वेलफेयर सोसाइटी में पौधरोपण कार्यक्रम

**हल्द्वानी।** पालम सिटी वेलफेयर सोसाइटी में बीते दिवस पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसने कॉलोनी की सड़क के किनारे 60 पेड़ लगाये गये। जिसमें पाखँड़, तेजपत्ता, नीम, चंपा, आवला, बेलपत्र, कदंब आदि के थे। पालम सिटी सोसाइटी हर वर्ष इसी प्रकार के पेड़ लगाने के साथ इनका संरक्षण भी करती है पूरी पालम सिटी हरे भरे पेड़ों से पर्यावरण सरक्षण में अग्रणी रहती है। इस अवसर पर पालम सिटी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भगवान सहाय अग्रवाल महामंत्री देवेंद्र केशरवानी उपाध्यक्ष पुष्कर पाठक, कोषाधयक्ष आनंद अग्रवाल ,डॉ अर्जुन टम्टा ,राजेश पूरी, शशीभूषण अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल,पुनीत साहनी,देवेश गुप्ता, प्रफुल गुप्ता, ऋषि गुप्ता, कश्मीरी गोयल, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### मंजू वार्ष्णेय अध्यक्ष, स्नेहलता महामंत्री





**हल्द्वानी।** वैश्य महिला समिति के चुनाव में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। वैश्य महासभा के पदाधिकारियों ने आम सहमति से मंजू वार्ष्णेय को अध्यक्ष व स्नेहलता गुप्ता को महामंत्री मनोनीत किया। वैश्य महासभा द्वारा दोनों नव मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनायें देते हुये विश्वास जताया कि दोनों वैश्य महासभा के सभी घटको को साथ लेकर महिला उत्थान एवं सामाजिक समरसता के लिये कार्य करेंगी। महिला समिति कि अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने कहाँ कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी गयी है उसका ईमानदारी से पालन करते हुये संगद्धठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिये कार्य करेंगी। इस मौके पर वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता,कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना,सुशील अग्रवाल, विनय लाहोटी,राजेंद्र गुप्ता, युवा अध्यक्ष अतुल जायसवाल,महामंत्री कपिल अग्रहरी, भवानी शंकर नीरज आदि मौजूद रहे।

### 158 शिक्षकों का स्कूलों का आवंटन किया

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल में माध्यमिक शिक्षा के तहत सहायक अध्यापक एलटी शिक्षकों के स्थानान्तरण में पद स्थापना को लेकर सोमवार को 158 शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से स्कूलों का आवंटन किया गया। बता दें कि तीसरे दिन यानी सोमवार को स्थानान्तरण के तहत दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया गया। अपर निदेशक (माध्यमिक) लीलाधर व्यास के नेतृत्व में नगर के तल्लीताल स्थित आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज के सभागार में शिक्षकों को काउंसलिंग के माध्यम से स्कूल आवंटित किए गए। उन्होंने बताया कि सोमवार को दुर्गम से दुर्गम श्रेणी के तहत आने वाले शिक्षकों को बुलाया गया था,उनकी ओर से दुर्गम से दुर्गम श्रेणी में अनुरोध के आधार पर आवेदन किया गया था। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में दुर्गम से दुर्गम श्रेणी के 500 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था जिसमें से 158 शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया गया। दिन भर चली काउंसलिंग प्रक्रिया को संपन्न कराने में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार भट्ट समेत निधि रावत, जगमोहन रौतेला,ललित उपाध्याय,मनोज कुमार भट्ट,संजय रौतेला तथा अनुपम दुबे आदि कर्मचारी जुटे रहे।

### अनएकेडमी ने अनसेट 2024 के शुभारंभ की घोषणा की

**हल्द्वानी।** भारत के सबसे बड़े शिक्षण मंच अनएकेडमी ने अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एंड एप्टीट्यूड टेस्ट (अनसेट) के चौथे संस्करण की घोषणा की, जो आईआईटी जेईई और नीट यूजी शिक्षार्थियों की बढ़ती आकांक्षाओं का समर्थन करने वाला इसका सबसे बड़ा छात्रवृत्ति परीक्षण है। अनसेट असाधारण शिक्षा, शीर्ष-स्तरीय शिक्षकों और भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली दिमागों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका देने वाला एक प्रवेश द्वार है। इसकी शुरुआत 19 जुलाई को हल्द्वानी में हुई, जिससे छात्रों को नीट और जेईई पास करने के अपने करियर के सपनों को पूरा करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में रंजना शाही, प्रिंसिपल डीपीएस हल्द्वानी, चैतना मेहरा, प्रिंसिपल मेपलवुड स्कूल और मीनाक्षी सामंत एसी समन्वयक सरस्वती स्कूल की उपस्थिति रही, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## स्थानीय लोगों के साथ ही बाहर से पर्यटकों ने भी भोले बाबा के दर्शन कर जलाभिषेक किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में सावन के पहले सोमवार के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर में शिव भक्तों का हुजूम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। स्थानीय लोगों के साथ ही बाहर से पर्यटकों ने भी भोले बाबा के दर्शन कर जलाभिषेक किया।

मंदिर के पुजारी नवीन तिवारी ने बताया कि सावन के पहले सोमवार के दिन सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सोमवार के दिन में भगवान शिव का जलाभिषेक करना अत्यंत शुभ माना जाता है। जलाभिषेक तथा रुद्राभिषेक के साथ ही अलग अलग कामना के अनुरूप अनेक प्रकार के अभिषेक किए जाते हैं। गन्ने के रस से भी भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है।



इसके साथ ही माल रोड स्थित शिव मंदिर में प्रात- काल शुभ मुहूर्त पर श्वागं कर्म, रुद्राभिषेक, धर्मार्थ काम, मोक्ष तथा कर्मयोग आदि के विषय में संक्षिप्त रुप से बताया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य यजमान पूरन सिंह बोरा, नीतू बोरा, आचार्य बीबी जोशी, अंकित, मनोज तथा लखन आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही नगर के गुफा महादेव,स्नोव्यू स्थित देव मंदिर, हनुमानगढ़ी समेत पाषाण देवी मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की काफी भीड़ लगी रही।

# अभिमत

## प्रतिष्ठासूचक सुरक्षा

*हाईकोर्ट ने वीआईपी को सुरक्षा देने के मानकों का मूल्यांकन नये सिरे से करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार को सिर्फ एक विधायक के संबंध में हाईकोर्ट को जवाब देकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। सांसद व विधायक के अलावा अन्य सैकड़ों नेताओं को सशस्त्र सुरक्षा कर्मचारी दिये गये हैं। तीन-चार दशक पहले मुख्यमंत्री के साथ एक-दो सुरक्षा कर्मचारी चलते थे। अनेक सांसद व विधायक बिना सुरक्षा कर्मचारी के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करते थे। जनप्रतिनिधि से मिलना लोगों के लिए कठिन नहीं होता था। अब तो गली-मोहल्ले में नेता के दरवाजे पर सुरक्षा कर्मचारी तैनात हैं। गार्ड को लेकर चलना प्रतिष्ठासूचक बन गया है।*

मंत्री, सांसद व विधायकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन व प्रशासन का दायित्व है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से वीआईपी को सुरक्षा देने के मानकों का मूल्यांकन कर नये सिरे से आदेश जारी करने को कहा है। राज्य के एक निर्दलीय विधायक को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि विधायक को सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा कर्मचारी दिया जाता है। इसके अलावा यदि किसी विधायक को खतरा है, तो उन्हें एक अतिरिक्त सुरक्षा कर्मचारी दिया जाता है। किसी विधायक को सुरक्षा कवर देने से पहले स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) से रिपोर्ट ली जाती है। याचिका में उल्लिखित विधायक का उदाहरण देते हुए याचिका में कहा गया है कि उन्हें सुरक्षा देते वक्त निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर उन्हें वाई प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है। विधायक के पास अपनी एस्कॉर्ट भी है। याचिकाकर्ता का कहना है कि एलआईयू की रिपोर्ट में विधायक के जीवन को कोई खतरा नहीं बताया गया है। हाईकोर्ट ने वीआईपी को सुरक्षा देने के मानकों का मूल्यांकन नये सिरे से करने का आदेश दिया है। राज्य सरकार को सिर्फ एक विधायक के संबंध में हाईकोर्ट को जवाब देकर कर्तव्य की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। सांसद व विधायक के अलावा अन्य सैकड़ों नेताओं को सशस्त्र सुरक्षा कर्मचारी दिये गये हैं। तीन-चार दशक पहले मुख्यमंत्री के साथ एक-दो सुरक्षा कर्मचारी चलते थे। अनेक सांसद व विधायक बिना सुरक्षा कर्मचारी के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण करते थे। जनप्रतिनिधि से मिलना लोगों के लिए कठिन नहीं होता था। अब तो गली-मोहल्ले में नेता के दरवाजे पर सुरक्षा कर्मचारी तैनात हैं। गार्ड को लेकर चलना प्रतिष्ठासूचक बन गया है। सशस्त्र सुरक्षा कर्मचारी स्टेटस सिम्बल हो गये हैं। बहुत से नेताओं के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं, उनको भी सुरक्षा कर्मचारी मुहैया कराये गये हैं। सवाल यह उठता है कि जब किसी के खिलाफ आपराधिक मामला लंबित है तो उसको सुरक्षा की क्या आवश्यकता है? इस तरह के व्यक्ति से तो अन्य लोगों को खतरा हो सकता है। सुरक्षा कर्मचारी होने पर नेता की छवि वीआईपी वाली मानी जाती है। क्षेत्र विशेष के लोगों पर रौब झाड़ने में आसानी हो जाती है। राजनीतिक दल के संगठन में पदाधिकारी वेतन व भत्तों का भुगतान करके सुरक्षा कर्मचारी लेकर समाज में अपनी अहमियत साबित करने का प्रयास करते हैं। शायद ही कोई ऐसा जिला हो जहां अपराधों की संख्या लगातार नहीं बढ़ रही है। अपराध रोकने के लिए सुरक्षा कर्मचारियों की कमी है और वीआईपी को गार्ड उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

# रुद्रपुर में देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और पुलिस ने देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन महिलाएं समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच महिलाओं का रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पकड़े गए आरोपितों के पास से 6500 रुपये की नकदी, मोबाइल और आपत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ है। बाद में सभी आरोपितों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक मकान में अनैतिक देह व्यापार चल रहा है। इस सूचना पर रविवार रात को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज के नेतृत्व महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा, प्रियंका आर्या, राकेश खेतवाल आदि पुलिस कर्मी आजाद नगर के एक मकान में छापा मारा। कमरे में दो-तीन महिलाएं बरामदे में लगी चारपाई पर बैठी थी



जो पुलिस को देखकर भागने लगी। एसपी सिटी ने बताया कि उक्त महिलाओं को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद टीम ने अंदर कमरों में छापा मारा तो तीन महिलाएं और चार पुरुष कमरे में छिपकर बैठे मिले। इस पर पुलिस टीम ने चारों पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सामियावाली अमृतसर पंजाब निवासी अर्शदीप पुत्र अमरीक सिंह, ग्राम नवादा सिक्का इज्जत नगर बरेली निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र बिरम सिंह यादव, भांगला थाना मुनि की रेती टिहरी गढ़वाल और हाल गोरा पड़ाव हल्द्वानी निवासी हरीश गैरोला पुत्र गुरु प्रसाद और मूलरूप से कुलडिया बरेली और हाल ट्रांजिट कैंप कृष्णा कालोनी निवासी मोहन लाल पुत्र राम दयाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा कमरा चेक किया गया तो एक पुरुष व एक महिला आपत्तिजनक अवस्था में मिले। जिस पर उन्हें भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नामरामपुर पठानकोट पंजाब निवासी हरीश कुमार पुत्र दर्शन कुमार बताया। इसके अलावा रसोई घर में भी एक महिला व पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ग्राम पूरोवाल थाना जोड़ सितरा गुरदासपुर पंजाब निवासी नरेंद्र पुत्र प्रेम कुमार बताया। बाद में पुलिस ने पकड़े गए नरेंद्र कुमार, हरीश कुमार, अर्शदीप सिंह, राजेश कुमार यादव, हरीश गैरोला व मोहन लाल के साथ ही महिलाओं के खिलाफ धारा 3/4/5/6 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि सभी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया।

**कार्रवाई**

- थाना क्षेत्र के आजादनगर में एक मकान में चल रहा था धंधा, तीन महिलाएं समेत 9 लोग गिरफ्तार
- 6500 रुपए, मोबाइल और आपत्तिजनक सामान बरामद, मुकदमा दर्ज

## जज फार्म का ट्यूबवेल फुंका

**हल्द्वानी।** शहर के पाश इलाके जज फार्म का ट्यूबवेल एक बार फिर फुंक गया है। जल संस्थान की ओर से ट्यूबवेल मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं ट्यूबवेल खराब होने से करीब पांच हजार की आबादी के समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है। बताया गया कि करीब तीन महीने पहले ही ट्यूबवेल दुरुस्त कराया गया था, इससे पहले इसमें मोटर, पंप व वायर नयी डाली गई थी। इसे लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इधर विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म के अध्यक्ष विशंभर कांडपाल ने बताया कि ट्यूबवेल के पाइप निकाले जा रहे हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था स्वरोजगार विकास समिति गर्जिया मन्दिर पो० ढिकुली रामनगर जिला नैनीताल का पता परिवर्तन कर श्री गिरिज देवी मन्दिर परिसर गर्जिया पो० ढिकुली, रामनगर जिला नैनीताल कर दिया है। किसी को कोई आपत्ति हो तो वह उप निबन्धक कार्यालय फर्म्स सो० एवं चिट्स में आपत्ति दर्ज कर सकता है।

# लेखिका शोभा थरूर बच्चों से बोलीं रोज पढ़ना जरूर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में प्रसिद्ध कवियत्री शोभा थरूर श्रीनिवासन ने बच्चों को जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने स्वरचित पुस्तक इट्स टाइम टू राइम की कविताओं को विद्यार्थियों को सुनाया, इसे छात्र-छात्राओं ने बेहद रुचिपूर्ण ढंग से सुना। थरूर ने कवि के मन की जिज्ञासा व अपने अनुभवों को सबके साथ साझा किया।

बीते सोमवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों की विविध रुचियों और सीखने के स्तर के अनुरूप बनाया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को कवयित्री के साथ सीधे जुड़ने की अनुमति दी गई। इसमें विद्यार्थियों ने कवयित्री शोभा थरूर से उनके इस लेखन क्षेत्र से जुड़े हुए जीवन यात्रा के बारे में जानकारी हासिल की। इस सत्र ने साहित्य की दुनिया में चित्रण, लेखन और लेखक की व्यक्तिगत यात्रा पर गहन चर्चा के लिए एक खुला मंच प्रदान किया। उन्होंने अवकाश पुस्तक पठन




प्रतियोगिता सत्र 2024-25 के प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रबंधक समित टिक्कू के भाषण से हुआ। इस मौके पर शैक्षणिक निर्देशिका स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, प्रभलीन वर्मा सलूजा, चारु भट्ट, वत्सला पांडे आदि मौजूद थीं।

## डीएम ने किया ट्रंचिंग ग्रांउड में लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट का स्थलीय निरीक्षण

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने सोमवार को ट्रंचिंग ग्रांउड में लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट का स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट में गति लाने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि लिगेसीवेस्ट को ट्रिटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाया जाए। लिगेसी ट्रिटमेंट कार्य व उसका डिस्पोजल एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से किया जाये तथा ट्रिटमेंट व डिपोजल कार्य की फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाये। उन्होंने कहा कि काफी हद तक कूड़ा हटा दिया गया है जिससे की अब ग्राउण्ड की दूसरे ओर की बाउण्ड्री दिखाई देने लगी है। डीएम ने उप नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि जिस स्थान से कूड़ा हटा दिया गया है।

## फिल्मी दुनिया

# कमला हैरिस को ट्रोल करने वालों पर भड़कीं कंगना



*अपने दमदार अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी कंगना रणौत अब राजनीति में भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रणौत ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए अपना समर्थन जताया। यही नहीं, कंगना ने एक पोस्ट साझा कर अमेरिका के लोगों को बदतर भी कहा है। बता दें कि कमला हैरिस को एक पोस्ट में उन्हें हाई-एंड कॉल गर्ल कहा गया, जो ऑनलाइन वायरल हो गया। अभिनेत्री कंगना ने इस पोस्ट की निंदा की और कहा कि अमेरिकी इस हद तक गिर रहे हैं कि वे भारतीयों से भी बदतर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया और इसके बजाय, कमला हैरिस का समर्थन किया, और तब से, ऑनलाइन कई मीम्स वायरल हो रहे हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करते हुए कंगना ने कहा कि डेमोक्रेट्स की समर्थक न होने के बावजूद, वह हैरिस को मिल रही नफरत की मात्रा का अंदाजा नहीं लगा सकतीं। अभिनेत्री ने कहा, चूंकि बाइडन ने क्लब्स के लिए हैरिस का समर्थन किया है...सोशल मीडिया ऐसे मीम्स से भरा पड़ा है...मैं डेमोक्रेट्स का समर्थन नहीं करती, लेकिन यह मजेदार है कि अमेरिका में भी एक बुजुर्ग महिला राजनेता, जो कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रह चुकी हैं, उन्हें इस हद तक लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।*

## वे बहुत रिग्रेसिव हैं

*ईमानदारी से कहूं तो ये अमेरिकी सोचते हैं कि वे बहुत आधुनिक हैं, लेकिन वे बहुत रिग्रेसिव हैं, ईमानदारी से कहूं तो भारतीयों से भी बदतर। शर्मनाक। कंगना ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीत दर्ज की। वह अक्सर मंडी सांसद के तौर पर संसद सत्र में भाग लेती देखी जाती हैं और हाल ही में वह देश में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर काफी मुखर रही हैं।*

# हल्द्वानी बसअड्डे में भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ से जुड़े रोडवेज कर्मियों ने भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। मंगलवार को रोडवेज स्टेशन स्थित संघ कार्यालय में सर्वप्रथम संघ के बालमुकुंद सुयाल व वरिष्ठ नेता शेखरानंद पांडे ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस क्रम में जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह दुम्का ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मजदूर संघ के संस्थापक विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने भारतीय मजदूर संघ की रीतिनीति के बारे में विस्तार से बताया। उनका कहना था कि वर्तमान में श्रमिकों का शोषण बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज से 23 जुलाई 2025 तक संघ गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर आने वाली चुनौतियों से लोगों को अवगत कराएगा। कार्यक्रम में परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवनीत कपिल, महेश राणा, ललित पांडे, रामप्रीत यादव, पूरन सिंह, गौरव जोशी, हिमांशु उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, राजेश पांडे, गोविंद कुमार, वीरेंद्र सिंह संगवाल, मनोज पांडे, दिनेश भंडारी आदि मौजूद थे।



# डीएम ने की अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बता दें कि डीडीए सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने वर्तमान में विभाग में रिक्त पदों, विभाग के कार्यों तथा प्रवर्तन कार्रवाई, अवैध निर्माण, चालान तथा ध्वस्तिकरण आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान उन्होंने प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ला को लंबे समय से एक ही स्थान में डटे अधिकारियों के ट्रांसफ र



करने के निर्देश दिए। कहा कि दो या उससे अधिक साल तक एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मचारियों को सुपर विजन के साथ हल्द्वानी में कार्यरत कर्मचारियों को नैनीताल या अन्य जगहों में ट्रांसफ र करें जिसमें बदलाव के साथ कार्य बेहतर ढंग हो सके। उन्होंने आरडब्लूयडी के अधिकारियों से जनपद में पिछले दो साल में सिलिंग कार्यवाही, मल्टी स्टोरी तथा आवासीय कालोनी में हुई कार्रवाई की जानकारी ली।

उन्होंने प्राधिकरण क्षेत्र में बिना नक्शे के कार्य करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही बिना अनुमति या अवैध तरीके कार्य निर्माण कार्य कर रहे लोगों को चिह्नित करने को कहा। कहा कि नैनीताल के आस पास असुरक्षित स्थानों में बिना परमिशन के कोई पुर्ननिर्माण या नए सिरे से कार्य कर रहा हो या जिन इलाकों में बिना नक्शे कार्य चल रहा हो उनके खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाही करें। कहा कि बिना नक्शे के निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने प्राधिकरण सचिव को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण में कार्यरत करीब 150 से अधिक आर्कीटेक्ट के लिए वर्कशाप लगाने के निर्देश दिए जिससे नक्शों पर बार- बार लगने वाली आपत्तियों आदि का निस्तारण आसानी से हो सके। इस दौरान उन्होंने सातताल समेत सूखाताल तथा खुर्पाताल आदि में प्राधिकरण के हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभाग में तैनात एई को जिले भर में चल रहे प्राधिकरण के कार्यों का सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## News कॉर्नर

### देवभूमि सफर सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री की माता का निधन



**नैनीताल।** देवभूमि सफर सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री सोनू सहदेव की माता परमेश्वरी देवी का निधन मंगलवार हो गया जैसे यह खबर लोगों को पता चली तो लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनकी आवास पहुंचने लगे और ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की बता दें बुधवार 24 जुलाई को प्रात: 11 बजे पाइंस स्थित शमशान घाट में किया जाएगा वह अपने पीछे हरा भरा परिवार और सबको रोता भिलगता छोड़कर गई है। परमपिता परमेश्वर पूण्य आत्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान दे व उनके परिवारजनों को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

### मंडी गेट से बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** मंडी गेट के पास स्थित एक मिठाई की दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली गई। बाइक स्वामी ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। ओम प्रकाश पुत्र स्व. जगदीश पुंडीर, निवासी बरेली रोड पुरानी आईटीआई बिचली रोड बिचली गौजाजाली ऑवला चौकी गेट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने नई बाइक खरीदी थी। जब 13 जुलाई को मंडी गेट के पास स्थित एक मिठाई की दुकान पर मिठाई लेने गया था। उसने अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी कर दी। जब वह मिठाई लेकर वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

# छत्तरपुर ग्रामीण व्यापार मंडल कार्यकारिणी का गठन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**बैठक**
- सर्वसम्मति से हरविंदर सिंह विर्क बने अध्यक्ष
- शिव मंदिर प्रांगण में छत्तरपुर में हुई बैठक

छत्तरपुर ग्रामीण व्यापार मंडल कार्यकारिणी का गठन हो गया। व्यापारियों ने सर्वसम्मति से हरविंदर सिंह विर्क को छत्तरपुर व्यापार मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंगलवार को शिव मंदिर प्रांगण में छत्तरपुर व्यापार मंडल के गठन को लेकर व्यापारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से हरविंदर सिंह विर्क को छत्तरपुर व्यापार मंडल का अध्यक्ष घोषित किया। साथ हीं महामंत्री, कोषाध्यक्ष सहित नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व संचालन ग्राम प्रधान हरीश भट्ट ने की। छत्तरपुर व्यापार मंडल की बैठक में मुख्य अतिथि पहुंचे रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप राव ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर शुभकामनाएं दी। बैठक में रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारीयो की एकजुटता मे हीं समस्याओं का समाधान है, अधिकारियों की मनमर्जी व शोषण के खिलाफ व्यापार मण्डल व्यापारियों की ताकत से ही आवाज बुलंद करता है उन्होंने व्यापारी एकता पर बल देते हुए यह भी कहा कि रुद्रपुर व्यापार मंडल सभी छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ हर समय खड़ा है।

व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए अपना यथासंभव सहयोग देने की बात भी की।

इस अवसर पर छत्तरपुर व्यापार मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष हरविंदर सिंह विर्क ने व्यापारियों का आभार करते हुए कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसका गंभीरता से व ईमानदारी से कार्य करेंगे साथ हीं रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा व कोषाध्यक्ष संदीप राव के बैठक मे पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तरपुर व्यापार मंडल रुद्रपुर व्यापार मंडल के सहयोग से ही व्यापारी हितों के लिए कार्य करता रहेगा।

इस मौके पर कपिल शर्मा, सूरज राजपूत ,शिवम बुंदेलकोटी, सिमरन सिंह, चंद्र प्रताप सिंह ,राधेश्याम जी, देवेंद्र पाल ,शैलेंद्र सिद्धू , नरेंद्र बिष्ट, अनिल वर्मा , विकास सरकार नबी अहमद,हरीश भट्ट,अर्जुन लाल मौर्या, ईश्वर सिंह नेगी,देवेंद्र पाल दीपक गोस्वामी भोला रावत, दिनेश कुमार, ऋषि आदि अनेकों व्यापारी मौजूद थे।

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता, कालोनी से एक युवक भी घर से है गायब

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**आरोप**
- किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर दी, युवक पर पुत्री को ले जाने का लगाया आरोप

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसी कालोनी से एक युवक भी गायब है। किशोरी की मां ने उक्त पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगा पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली।

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई 24 को समय लगभग दोपहर 12 बजे घर में नहा रही थी। तभी उसकी 15 वर्षीय पुत्री बिना कुछ बताए कही पर चली गयी। वह अपने साथ कुछ नगदी भी लेकर गयी है।

महिला ने बताया कि उसने जब फोन देखा तो फोन में पुत्री के साथ में उसी कालोनी निवासी एक नितिन नामक लड़के का फोटो था। उसने उस युवक को फोन किया तो वह अपने घर पर नहीं था और कुछ देर बाद में पता चला कि उसकी पुत्री गली मे रहने वाली एक महिला की पुत्री भी किसी को बिना कुछ बताए कही पर चली गयी।

महिला ने आशंका जताई कि उक्त युवक उसकी पुत्री व पडौसी की पुत्री को लेकर गया है। वह युवक भी घर पर नहीं है। दोनों महिलाएं उक्त युवक के घर पर गई तो युवक की मां ने मना कर दिया। महिला ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए उक्त युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और पुत्री की बरामदगी की मांग की। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है। तीनों की लोकेशन तलाशी जा रही है।

# डेढ़ दशक बाद भी मार्ग न बनने पर लगाई मार्ग निर्माण की गुहार



**भीमताल/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वार्ड के सार्वजनिक मार्ग का डेढ़ दशक बाद भी निर्माण न होने पर गंगा विहार कालोनी वार्ड 1 वालों ने पत्र भेजकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता बृजवासी से लगाई मार्ग बनाने की गुहार लगाई है। वार्ड वासियों की मुख्य परेशानी को देखते हुए सूचना अधिकार अधिनियम के तहत आईटीआई कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने नगर पालिका प्रभारी अधिकारी से इतने सालों बाद भी रास्ता न बनने का कारण पूछा साथ ही इस मार्ग के निर्माण की शुरुआत कब होगी कब गंगा विहार के लोगों की इस परेशानी का निराकरण होगा की अपील की भीमताल मामला नगर पालिका क्षेत्र वार्ड एक के अंतर्गत गंगा विहार कालोनी का है।

यहां के लोग पिछले कई सालों से अपने सार्वजनिक मार्ग की जर्जर हालत को ठीक कराने, सीसी टाइल्स निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं, स्थानीय करीब 2 दर्जन परिवारों को जोड़े इस रास्ते की परेशानी से रोज परेशान रहते हैं। रास्ता उबड़-खाबड़ होने बच्चों, महिलाओं, वृद्धों को गिरने, चोट खाने का खतरा बना रहता है, ऊपर सड़क से आने वाला बरसाती पानी दिनों-दिन रास्ते की बड़ी दुर्दशा खराब कर रहे है।

वार्ड वासियों ने अपनी परेशानी से नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी को हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपकर मार्ग बनवाने की माँग रखी जिस पर बृजवासी ने सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत इतने साल बीतने बाद भी समस्या से जुझ रहे वार्ड वासियों के सार्वजनिक मार्ग के निर्माण न होने का कारण नगर पालिका प्रभारी प्रमोद कुमार से पूछा साथ ही मार्ग के निर्माण कार्यवाही की शुरुआत विभाग कब करेगा आदि प्रश्न लगाए। अब देखना है विभाग सार्वजनिक मार्ग निर्माण कार्यवाही पर कब तक अपील पर सुनवाई कर शुरुआत करेगा।

# युवक ने जहर गटक कर जान देने की कोशिश की

**धारी/नैनीताल।** नैनीताल जिले के तहसील धारी के अंतर्गत सरना कौल में रहने वाले एक युवक ने जहर गटक कर जान देने की कोशिश की है।

परिजनों द्वारा युवक को स्थानीय अस्पताल पदमपुरी ले जाया गया जहाँ से उसे हायर सेंटर हल्द्वानी रैफ र कर दिया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वही इस युवक ने इस घटना से पूर्व दो लोगो को जिम्मेदार ठहराते हुए धारी पुलिस चौकी में तहरीर दी थी जिसमें एक यूटूबर व अन्य पर जनहानि व 1 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

# रोशनी सोसायटी के आदित्य ने पॉवरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड

**हल्द्वानी/देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में रोशनी सोसायटी के डाउन सिंड्रोम युवक आदित्य गुरुरानी ने 83 किलो ग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही आदित्य का चयन नेशनल पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। यह प्रतियोगिता बीती 19 से 21 जुलाई तक देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में



आयोजित की गई थी। रोशनी सोसायटी के कोच व आदित्य के पिता योगेश गुरुरानी भी प्रतियोगिता में आदित्य के साथ गये थे। आदित्य की इस उपलब्धि पर रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवानी पाल ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसे मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए एक प्रेरणा बताया।

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय के साथ मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम विद्यालय की वंदना सभा में मनाया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने की और मुख्य वक्ता डॉ. माधव प्रसाद सनातनी थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र प्रधानमंत्री अनुपम कुमार और छात्र संसद के द्वारा तिलक लगाकर सभी गुरुजन वृंद का चरण वंदन कर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद छात्र संसद के छात्रों द्वारा सभी गुरुजी को ऊर्ध्व वस्त्र ओढाकर उनका सम्मान



किया गया। मुख्य वक्ता डॉ0 माधव प्रसाद ने कहा जब तक भारत गुरुओं के दिशानिर्देश पर चला तब तक भारत विश्वगुरु था। जैसे-जैसे गुरु शिष्य परंपरा कमजोर होने लगी भारत पतन के गर्त में चला गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने गुरु शब्द की विवेचना की। गु से गुण और रु से रुपांतरण अर्थात जो गुणों का सही मायने में रुपांतरण करे वही गुरु है। अत: सभी को गुरुजनों के गुणों को आत्मसात् करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त छात्र संसद के प्रधानमंत्री भैया अनुपम कुमार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिदिन हम कक्षास- अपने परिसर को स्वच्छ रखने का व्रत लेते हैं इस क्रम में कक्षा द्वादश अपने पूरे विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएगी। इसी प्रकार से विद्यालय की सभी कक्षाएं क्रमश: अपने-अपने परिसर को स्वच्छ रखने का कार्य करेंगी। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र व अध्यापक उपस्थित थे।